उत्तर–कहानी में किसान जीवन वाले समाज में मनुष्य और पशु का घनिष्ठ संबंध बताया गया है। वे एक-दूसरे के सहायक और पूरक रहे हैं। किसान पशुओं को घर का सदस्य मानकर उनसे प्रेम करता है और पशु भी अपने स्वामी के लिए जी-जान देने को तैयार रहते हैं। झूरी हीरा-मोती को घर के सदस्यों की तरह स्नेह करता था। इसीलिए हीरा-मोती दो बार उसकी ससुराल से भाग कर अपने थान पर खड़े हुए थे। उन्हें देखकर वह ही नहीं उसकी पत्नी भी आनन्द से भर उठी थी। इससे पता चलता है कि किसान अपने पशुओं से मानवीय व्यवहार करते हैं।

प्रश्न 8. ''इतना तो हो ही गया कि नौ-दस प्राणियों की जान बच गई। वे सब तो आशीर्वाद देंगे''–मोती के इस कथन के आलोक में उसकी विशेषताएँ बताइए।

उत्तर–इस कथन से ज्ञात होता है कि मोती स्वभाव से उग्र किन्तु परोपकारी, सहयोगी और दयालु बैल है। वह अत्याचार का विरोधी, पीड़ितों के प्रति सहानुभूति रखने वाला और आजादी का समर्थक है। इसीलिए वह काँजीहौस की दीवार तोड़कर बन्द पड़े पशुओं को आजाद कर देता है। उसे इस बात पर सन्तोष होता है कि अब चाहे कुछ भी हो। इतना तो हो गया कि मेरे प्रयास से नौ-दस प्राणियों की जान बच गयी। अत: वह आशावादी, स्वार्थहीन और साहसी पशु था।

प्रश्न 9. आशय स्पष्ट कीजिए–

(क) अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है।

उत्तर–आशय–सामान्य पशु होते हुए भी हीरा और मोती एक-दूसरे के मनोभावों को समझ लेते थे तथा मूक-भाषा में विचार-विनिमय करते थे। इससे कथाकार का मानना है कि उन दोनों बैलों के पास अवश्य ही कोई गुप्त शक्ति थी जिसके माध्यम से मूक-भाषा में वे एक-दूसरे की मन की भावनाओं को समझ लेते थे। मनुष्य सभी जीवों में श्रेष्ठ है, परन्तु उसके पास ऐसी गुप्त शक्ति का अभाव है, जो बिना बोले ही दूसरों की भावनाओं को स्पष्टतया समझ सके।

(ख) उस एक रोटी से उनकी भूख तो क्या शान्त होती, पर दोनों के हृदय को मानो भोजन मिल गया।

उत्तर–आशय–गया के घर में हीरा-मोती के साथ अत्याचार होता था। गया उन्हें मारता था और खाने के लिए सूखा भूसा देता था। दोनों बैल इसे अपना अपमान समझते थे। सन्ध्या के समय उसी घर की एक छोटी सी बच्ची ने दो रोटियाँ लाकर उन दोनों को खिलायीं। एक-एक रोटी से उनकी भूख क्या शान्त होती, परन्तु छोटी बच्ची के प्रेमपूर्ण व्यवहार को देखकर उन दोनों में एक शक्ति का संचार हो गया, मानो उन्हें अच्छा भोजन मिल गया और उनके हृदय में यह भाव जागा कि यहाँ पर भी किसी सज्जन का वास है।

प्रश्न 10. गया ने हीरा-मोती को दोनों बार सूखा भूसा खाने के लिए दिया क्योंकि–

(क) गया पराये बैलों पर अधिक खर्च नहीं करना चाहता था।

(ख) गरीबी के कारण खली आदि खरीदना उसके बस की बात न थी।

(ग) वह हीरा-मोती के व्यवहार से बहुत दु:खी था।

(घ) उसे खली आदि सामग्री की जानकारी न थी।

सही उत्तर के आगे (√) का निशान लगाइए।

उत्तर–(ग) वह हीरा-मोती के व्यवहार से बहुत दु:खी था। (√)

रचना और अभिव्यक्ति–

प्रश्न 11. हीरा और मोती ने शोषण के खिलाफ़ आवाज उठाई, लेकिन उसके लिए प्रताड़ना भी सही। हीरा-मोती की इस प्रतिक्रिया पर तर्क सहित अपने विचार प्रकट करें।

उत्तर–प्रस्तुत कहानी में हीरा-मोती को स्वतन्त्रता-आन्दोलन के क्रान्तिकारियों के प्रतीक रूप में रखा गया है। इन दोनों ने गया के घर जाने पर मातृभूमि के प्रति अपना प्रेम दर्शाने और अत्याचार-शोषण का विरोध करने में अपनी क्षमता का परिचय दिया। इस संघर्ष में उन्हें वहाँ प्रताड़ना मिली, मार भी खानी पड़ी और भूखा भी रखा गया, फिर भी वे अपने ढंग से उसका विरोध करते रहे। इस तरह गुलामी के बदले आजादी की लालसा में उन्होंने संघर्षरत रहने की अपनी बलवती भावना का परिचय दिया।

प्रश्न 12. क्या आपको लगता है कि यह कहानी आजादी की लड़ाई की ओर संकेत करती है?

उत्तर–अप्रत्यक्ष रूप से यह कहानी अंग्रेजों की दासता से मुक्ति की कहानी है और इसमें हीरा-मोती क्रान्तिकारियों

संस्कृत–कक्षा IX
शेमुषी (प्रथमो भागः)

मङ्गलम्

(1)

यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः सं बभूवुः।
यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत् सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु॥

अन्वय–यस्यां (भूमौ) समुद्रः, उत सिन्धुः आपः (सन्ति), यस्याम् अन्नं कृष्टयः सं बभूवुः, यस्याम् इदं जिन्वति प्राणदेजत्, सा भूमिः नः पूर्वपेये दधातु।

प्रसङ्ग–प्रस्तुत मन्त्र हमारी पाठ्य-पुस्तक 'शेमुषी' के 'मङ्गलम्' से उद्धृत किया गया है। इसमें मातृभूमि की महिमा का वर्णन करते हुए हम सभी के लिए आवश्यक खाद्य-पदार्थ प्रदान करने की मंगल-कामना की गई है।

हिन्दी-अनुवाद–जिस (भूमि) में महासागर, नदियाँ और जलाशय (झील, सरोवर आदि) विद्यमान हैं, जिसमें अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थ उपजते हैं तथा कृषि, व्यापार आदि करने वाले लोग सामाजिक संगठन बना कर रहते हैं, जिस (भूमि) में ये साँस लेते (प्राणत्) प्राणी चलते-फिरते हैं; वह मातृभूमि हमें प्रथम भोज्य पदार्थ (खाद्य-पेय) प्रदान करे।

(2)

यस्याश्चतस्रः प्रदिशः पृथिव्या यस्यामन्नं कृष्टयः सं बभूवुः।
या बिभर्ति बहुधा प्राणदेजत् सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु॥

अन्वय–यस्याः पृथिव्याः चतस्रः प्रदिशः, यस्याम् अन्नं कृष्टयः सं बभूवुः, या बहुधा प्राणदेजत् बिभर्ति, सा भूमिः नः गोषु अपि अन्ने दधातु।

प्रसङ्ग–प्रस्तुत मन्त्र हमारी पाठ्य-पुस्तक 'शेमुषी' के 'मङ्गलम्' से उद्धृत किया गया है। इसमें मातृभूमि की महिमा का वर्णन करते हुए हम सभी के लिए आवश्यक खाद्य-पदार्थ प्रदान करने की मंगल-कामना की गई है।

हिन्दी-अनुवाद–जिस भूमि में चार दिशाएँ तथा उपदिशाएँ अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थ (फल, शाक आदि) उपजाती हैं; जहाँ कृषि-कार्य करने वाले सामाजिक संगठन बनाकर रहते हैं, जो (भूमि) अनेक प्रकार के प्राणियों (साँस लेने वालों तथा चलने-फिरने वाले जीवों) को धारण करती है, वह मातृभूमि हमें गौ आदि लाभप्रद पशुओं तथा खाद्य-पदार्थों के विषय में सम्पन्न बना दे।

(3)

जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्।
सहस्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुरनपस्फुरन्ती॥

अन्वय–बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं जनं यथा औकसं बिभ्रती ध्रुवा इव अनपस्फुरन्ती धेनुः इव पृथिवी मे द्रविणस्य सहस्रं धारादुहाम्।

प्रसङ्ग–प्रस्तुत मन्त्र हमारी पाठ्य-पुस्तक 'शेमुषी' के 'मङ्गलम्' से उद्धृत किया गया है। इसमें मातृभूमि की महिमा का वर्णन करते हुए हम सभी के लिए आवश्यक खाद्य-पदार्थ प्रदान करने की मंगल-कामना की गई है।

हिन्दी-अनुवाद–अनेक प्रकार से विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले तथा अनेक धर्मों को मानने वाले जन-समुदाय को, एक ही घर में रहने वाले लोगों के समान, धारण करने वाली तथा कभी नष्ट न होने देने वाली स्थिर-जैसी यह पृथ्वी हमारे लिए धन की सहस्रों धाराओं का उसी प्रकार दोहन करे जैसे कोई गाय बिना किसी बाधा के दूध देती हो।

प्रथमः पाठः
भारतीवसन्तगीतिः
(सरस्वती का वसन्त-गान)

पाठ-परिचय–प्रस्तुत पाठ आधुनिक संस्कृत-साहित्य के प्रख्यात कवि **पं. जानकी वल्लभ शास्त्री** की रचना '**काकली**' नामक गीत-संग्रह से संकलित है। इसमें सरस्वती की वन्दना करते हुए कामना की गई है कि हे सरस्वती! ऐसी वीणा बजाओ, जिससे मधुरमञ्जरियों से पीत पंक्तिवाले आम के वृक्ष, कोयल का कूजन, वायु का धीरे-धीरे बहना, अमराइयों में काले भ्रमरों का गुञ्जार और नदियों का (लीला के साथ बहता हुआ) जल, वसन्त ऋतु में मोहक हो उठे। स्वाधीनता संग्राम की पृष्ठभूमि में लिखी गयी यह गीतिका एक नवीन चेतना का आवाहन करती है तथा ऐसे वीणास्वर की परिकल्पना करती है जो स्वाधीनता प्राप्ति के लिए जनसमुदाय को प्रेरित करे।

अन्वय, कठिन-शब्दार्थ, सप्रसंग हिन्दी-अनुवाद/भावार्थ एवं पठितावबोधनम्–

(1) निनादय नवीनामये वाणि! वीणाम्
मृदुं गाय गीतिं ललित-नीति-लीनाम्।
मधुर-मञ्जरी-पिञ्जरी-भूत-मालाः
वसन्ते लसन्तीह सरसा रसालाः

कलापाः ललित-कोकिला-काकलीनाम्॥ 1॥
निनादय...॥

अन्वय–अये वाणि! नवीनां वीणां निनादय। ललित-नीति-लीनां गीतिं मृदु गाय। इह वसन्ते मधुरमञ्जरीपिञ्जरीभूतमालाः सरसाः रसालाः लसन्ति। ललित-कोकिला-काकलीनां कलापाः (विलसन्ति)। अये वाणि! नवीनां वीणां निनादय।

कठिन-शब्दार्थ–अये वाणि! = हे सरस्वती!। **निनादय** = बजाओ/गुंजित करो (नितरां वादय)। **ललितनीतिलीनाम्** = सुन्दर नीतियों से युक्त (सुन्दरनीतिसंलग्नाम्)। **गाय** = गाओ (स्तु)। **इह** = यहाँ (अत्र)। **वसन्ते** = वसन्त-काल में। **मञ्जरी** = आम्रपुष्प (आम्रकुसुमम्)। **पिञ्जरीभूतमालाः** = पीले वर्ण से युक्त पंक्तियाँ (पीतपङ्क्तयः)। **रसालाः** = आम के वृक्ष (आम्राः)। **लसन्ति** = सुशोभित हो रही हैं (शोभन्ते)। **कोकिलाकाकलीनां** = कोयलों की आवाज (कोकिलानां ध्वनिः)। **कलापाः** = समूह (समूहाः)।

प्रसङ्ग–प्रस्तुत गीति (पद्यांश) हमारी संस्कृत की पाठ्य-पुस्तक 'शेमुषी' (प्रथमो भागः) के 'भारतीवसन्तगीतिः' नामक पाठ से उद्धृत है। मूलतः यह पाठ पं. जानकी वल्लभ शास्त्री के प्रसिद्ध गीत-संग्रह 'काकली' से संकलित किया गया है। इसमें वाणी की देवी सरस्वती की वन्दना करते हुए वसन्तकालीन मनमोहक तथा अद्भुत प्राकृतिक शोभा का वर्णन किया गया है।

हिन्दी-अनुवाद–हे सरस्वती! नवीन वीणा को बजाओ। सुन्दर नीतियों से युक्त गीत मधुरता से गाओ। इस वसन्त-काल में मधुर आम्र-पुष्पों से पीली बनी हुई सरस आम के वृक्षों की पंक्तियाँ सुशोभित हो रही हैं और उन पर बैठी हुई एवं मधुर ध्वनियाँ करती हुई कोयलों के समूह भी सुशोभित हो रहे हैं। हे सरस्वती! आप नवीन वीणा बजाइए एवं मधुर गीत गाइए।

भावार्थ–भारत देश में वसन्त-ऋतु का अत्यधिक महत्त्व है। इस समय प्राकृतिक शोभा सभी के मन को सहज ही आकर्षित करती है। आम के वृक्षों पर मञ्जरियाँ सुशोभित होती हैं तथा उन पर बैठी हुई कोयल मधुर कूजन से सभी के मन को मोह लेती है। कवि ने यहाँ इसी प्राकृतिक सुषमा का सुन्दर वर्णन करते हुए वाग्देवी सरस्वती से नवीन वीणा बजाकर मधुर गीत सुनाने के लिए प्रार्थना की है।

पठित-अवबोधनम्–

निर्देशः–उपर्युक्तं पद्यांशं पठित्वा एतदाधारित-प्रश्नानाम् उत्तराणि यथानिर्देशं लिखत–

प्रश्नाः–I. एकपदेन उत्तरत–

(i) वाणी कीदृशीं वीणां निनादयतु?
(ii) रसालाः कीदृशाः लसन्ति?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत–

(i) कविः कीदृशीं गीतिं गातुं कथयति?
(ii) वसन्ते केषां कलायाः लसन्ति?

III. भाषिककार्यम्–

(i) 'सरसाः' इति विशेषणस्य पद्यांशे विशेष्यपदं किम्?
(ii) 'पिकाः' इत्यस्य पर्यायपदं पद्यांशात् चित्वा लिखत।

उत्तराणि– I. (i) नवीनाम्।(ii) सरसाः।
II. (i) कविः ललित-नीति-लीनां मृदुं गीतिं गातुं कथयति।
(ii) वसन्ते ललित-कोकिला-काकलीनां कलापाः लसन्ति।
III. (i) रसालाः। (ii) कोकिलाः।

(2) वहति मन्दमन्दं सनीरे समीरे
कलिन्दात्मजायास्सवानीरतीरे
नतां पङ्क्तिमालोक्य मधुमाधवीनाम्॥
निनादय...॥

अन्वय–कलिन्दात्मजायाः सवानीरतीरे सनीरे समीरे मन्दमन्दं वहति (सति) मधुमाधवीनां नतां पङ्क्तिम् अलोक्य अये वाणि! नवीनां वीणां निनादय।

कठिन-शब्दार्थ–कलिन्दात्मजायाः = यमुना नदी के (यमुनायाः)। **सवानीरतीरे** = बेंत की लता से युक्त तट पर (वेतसयुक्ते तटे)। **सनीरे** = जल से पूर्ण (सजले)। **मधुमाधवीनां** = मधुर मालती लताओं का (मधुमाधवीलतानाम्)। **नताम्** = झुकी हुई (नतिप्राप्ताम्)।

प्रसङ्ग–प्रस्तुत गीति हमारी संस्कृत की पाठ्यपुस्तक 'शेमुषी' (प्रथमो भागः) के 'भारतीवसन्तगीतिः' शीर्षक पाठ से उद्धृत है। मूलतः यह पाठ पं. जानकी वल्लभ शास्त्री के प्रसिद्ध गीत-संग्रह 'काकली' से संकलित है। इसमें वाणी की देवी सरस्वती की वन्दना करते हुए यमुना नदी के तट पर झुकी हुई मधुर मालती लताओं की शोभा का चित्रण किया गया है। कवि कहता है कि–

हिन्दी-अनुवाद–बेंत की लताओं से युक्त यमुना नदी के तट पर जल-कणों से युक्त शीतल पवन के धीरे-धीरे बहते हुए तथा मधुर मालती की लताओं को झुकी हुई देखकर हे सरस्वती! आप कोई नवीन वीणा बजाइए।

भावार्थ–यहाँ कवि ने यमुना नदी के तट की वसन्तकालीन प्राकृतिक शोभा का मनोहारी चित्रण किया है। भारतीय संस्कृति के इस मनोहारी वैशिष्ट्य को दर्शाते हुए कवि ने भारतीय लोगों के हृदय में देश-प्रेम की भावना जागृत करने के लिए माता सरस्वती से नवीन वीणा की तान छेड़ने की प्रार्थना की है।

पठित-अवबोधनम्–

प्रश्नाः–I. एकपदेन उत्तरत–

(i) 'कलिन्दात्मजा' का वर्तते?

विज्ञान–कक्षा IX

1. हमारे आस-पास के पदार्थ
(Matter in Our Surroundings)

पाठगत प्रश्न

पृष्ठ 4

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन से पदार्थ हैं– कुर्सी, वायु, स्नेह, गंध, घृणा, बादाम, विचार, शीत, नींबू पानी, इत्र की सुगंध।

उत्तर–कुर्सी, वायु, बादाम, नींबू पानी, इत्र की सुगंध पदार्थ हैं।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रेक्षण के कारण बताएँ– गर्मा-गर्म खाने की गंध कई मीटर दूर से ही आपके पास पहुँच जाती है, लेकिन ठण्डे खाने की महक लेने के लिए आपको उसके पास जाना पड़ता है।

उत्तर–पदार्थ के कण निरन्तर गतिशील होते हैं तथा तापमान बढ़ने पर कणों की गति बढ़ जाती है। वस्तुत: खाने की गंध या महक हम तक विसरण के माध्यम से पहुँचती है। कणों का विसरण उच्च ताप पर अधिक व निम्न ताप पर कम होता है, इसीलिए गर्मा-गरम (उच्च ताप वाले) खाने की गंध तेजी के साथ कई मीटर दूर से ही हमारे पास पहुँच जाती है लेकिन ठंडे खाने की गंध (महक) लेने के लिए हमें उसके पास जाना पड़ता है।

प्रश्न 3. स्वीमिंग पूल में गोताखोर पानी काट पाता है। इससे पदार्थ का कौनसा गुण प्रेक्षित होता है?

उत्तर–स्वीमिंग पूल में गोताखोर पानी (जल) काट पाता है क्योंकि वहां पानी के कणों के मध्य लगने वाला आकर्षण बल, गोताखोर द्वारा लगाये जाने वाले बल से कम होता है, जिस कारण पानी के कण आसानी से अलग हो जाते हैं।

इससे पदार्थ का यह गुण प्रदर्शित होता है कि पदार्थ सूक्ष्म कणों से बना है।

प्रश्न 4. पदार्थ के कणों की क्या विशेषताएँ होती हैं?

उत्तर–पदार्थ के कणों की निम्नलिखित विशेषताएं होती हैं–

(i) पदार्थ के कणों के मध्य रिक्त स्थान पाया जाता है।

(ii) पदार्थ के कण निरंतर गतिशील होते हैं।

(iii) पदार्थ के कणों के मध्य एक आकर्षण बल होता है।

पृष्ठ 6

प्रश्न 1. किसी तत्व के द्रव्यमान प्रति इकाई आयतन को घनत्व कहते हैं।

(घनत्व = द्रव्यमान/आयतन)

बढ़ते हुए घनत्व के क्रम में निम्नलिखित को व्यवस्थित करें–वायु, चिमनी का धुआँ, शहद, जल, चॉक, रुई और लोहा।

उत्तर–वायु < चिमनी का धुआं < रुई < जल < शहद < चॉक < लोहा।

प्रश्न 2. (a) पदार्थ की विभिन्न अवस्थाओं के गुणों में होने वाले अन्तर को सारणीबद्ध कीजिए।

(b) निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए– दृढ़ता, संपीड्यता, तरलता, बर्तन में गैस का भरना, आकार, गतिज ऊर्जा एवं घनत्व।

उत्तर–(a) पदार्थ की विभिन्न अवस्थाओं के गुणों में अन्तर निम्न हैं–

गुण	ठोस	द्रव	गैस
1. अणुओं की स्थिति	अणु बहुत पास-पास होते हैं।	अणु बहुत पास-पास नहीं होते हैं।	अणु बहुत दूर-दूर होते हैं।
2. अणुओं का स्थान	अणुओं का स्थान निश्चित होता है।	अणुओं का स्थान निश्चित नहीं होता है।	अणुओं का स्थान निश्चित नहीं होता है।
3. अणुओं की गतिज ऊर्जा	न्यूनतम होती है।	कुछ अधिक होती है।	सर्वाधिक होती है।

4. आकार	निश्चित	अनिश्चित/पात्र का आकार ग्रहण करता है।	अनिश्चित (जिस पात्र में रखी जाती है, उसी का आकार ग्रहण कर लेती है।)
5. आयतन	निश्चित	निश्चित	अनिश्चित (जिस पात्र में रखी जाती है, उसी का आयतन ग्रहण कर लेती है।)
6. तरलता	बहते नहीं हैं।	ऊपर से नीचे की ओर बहते हैं।	सभी दिशाओं में बहती है।
7. घनत्व	सर्वाधिक	कुछ कम	सबसे कम
8. ऊष्मा द्वारा प्रसरण	कम	कुछ अधिक	बहुत अधिक
9. अन्तर आणविक बल	सर्वाधिक	कुछ कम	सबसे कम
10. गलनांक एवं क्वथनांक	इनके गलनांक एवं क्वथनांक कमरे के ताप से अधिक होते हैं।	इनके क्वथनांक कमरे के ताप से अधिक परन्तु गलनांक कमरे के ताप से कम होते हैं।	इनके गलनांक एवं क्वथनांक कमरे के ताप से कम होते हैं।

(b) (i) दृढ़ता–किसी पदार्थ की अपने आकार को बनाए रखने की प्रवृत्ति दृढ़ता कहलाती है। ठोस पदार्थ के कण आपस में अत्यधिक आकर्षण बल द्वारा जुड़े होते हैं जिससे दृढ़ता का गुण प्रदर्शित होता है।

(ii) संपीड्यता–किसी पदार्थ पर दाब डालने पर उसके आयतन में कमी होने की प्रवृत्ति संपीड्यता कहलाती है। द्रव एवं गैसीय पदार्थों के मध्य काफी रिक्त स्थान होता है, जिसके कारण इन्हें दबाया जा सकता है। गैसों को बहुत अधिक संपीडित किया जा सकता है क्योंकि गैसीय पदार्थ के कणों के मध्य रिक्त स्थान बहुत अधिक होता है।

(iii) तरलता–किसी पदार्थ के बहने का गुण तरलता कहलाता है। सभी द्रव तरल होते हैं।

(iv) बर्तन में गैस का भरना–गैसों के कणों के मध्य अत्यधिक रिक्त स्थान होने के कारण ये उच्च दाब पर आसानी से संपीडित हो जाती हैं। इस कारण इन्हें अपेक्षाकृत कम आयतन या छोटे बर्तन में भी अधिक मात्रा में भरा जा सकता है।

(v) आकार–कोई वस्तु जितना स्थान घेरती है, वह उस वस्तु का आकार कहलाता है।

(vi) गतिज ऊर्जा–वस्तुओं में उनके कणों की गति के कारण उत्पन्न ऊर्जा, गतिज ऊर्जा कहलाती है।

(vii) घनत्व–किसी वस्तु के इकाई आयतन में उपस्थित द्रव्यमान को घनत्व कहते हैं। अतः घनत्व = $\frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}}$।

प्रश्न 3. कारण बताएँ–

(a) गैस पूरी तरह उस बर्तन को भर देती है, जिसमें इसे रखते हैं।

(b) गैस बर्तन की दीवारों पर दबाव डालती है।

(c) लकड़ी की मेज ठोस कहलाती है।

(d) हवा में हम आसानी से अपना हाथ चला सकते हैं, लेकिन एक ठोस लकड़ी के टुकड़े में हाथ चलाने के लिए हमें कराटे में दक्ष होना पड़ेगा।

उत्तर–(a) गैस के कणों के मध्य आकर्षण बल नगण्य होता है, इस कारण इसके कण सभी दिशाओं में गति करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। इसीलिए जब किसी बर्तन में गैस को रखते हैं, तो वह पूरी तरह उस बर्तन को भर देती है।

(b) गैस बर्तन की दीवारों पर दबाव डालती है क्योंकि गैस के कण न्यून आकर्षण बल के कारण सभी दिशाओं में गति करने के लिए स्वतंत्र होते हैं और वे बर्तन की दीवारों से लगातार टकराते रहते हैं, जिससे बर्तन की दीवारों पर दबाव पड़ता है।

(c) लकड़ी के कण अत्यधिक आकर्षण बल से जुड़े होने के कारण पास-पास होते हैं। इस कारण इसका आकार एवं आयतन निश्चित होते हैं, चूँकि ये ठोस पदार्थ के गुण हैं, अतः लकड़ी की मेज ठोस कहलाती है।

(d) हवा में हम आसानी से अपना हाथ चला सकते हैं क्योंकि हवा के कणों के मध्य आकर्षण बल बहुत कम होता है, जिससे हवा के कण बहुत दूर-दूर होते हैं। जबकि लकड़ी के कणों के मध्य अत्यधिक आकर्षण बल होता है, जिसके कारण इसके कण पास-पास होते हैं, इसलिए लकड़ी के टुकड़ों में हाथ चलाने के लिए कराटे में दक्ष होना पड़ेगा।

प्रश्न 4. सामान्यतया ठोस पदार्थों की अपेक्षा द्रवों का घनत्व कम होता है, लेकिन आपने बर्फ के टुकड़े को जल में तैरते हुए देखा होगा। पता लगाइए, ऐसा क्यों होता है?

उत्तर–सामान्यतया ठोस पदार्थों की अपेक्षा द्रवों का घनत्व कम होता है, लेकिन जब जल बर्फ में बदलता है, तो जल के कणों की आकृति बदल जाने के कारण बर्फ का आयतन जल के आयतन से अधिक हो जाता है।

गणित–कक्षा IX

1. संख्या पद्धति

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

प्रश्नावली 1.1

1. क्या शून्य एक परिमेय संख्या है? क्या इसे आप $\frac{p}{q}$ के रूप में लिख सकते हैं, जहाँ p और q पूर्णांक हैं और $q \neq 0$ है?

हल–हाँ, शून्य एक परिमेय संख्या है तथा इसे $\frac{p}{q}$ के रूप में निम्नानुसार लिखा जा सकता है–

$0 = \frac{0}{1}$ यहाँ $p = 0$ तथा $q = 1$

इस प्रश्न के अनुसार $\frac{p}{q}$ में q का मान शून्य को छोड़कर कोई भी संख्या हो सकती है जैसे $0 = \frac{0}{1}, \frac{0}{2}, \frac{0}{3}, \frac{0}{-1}, \frac{0}{-2}, \frac{0}{-3}$ आदि।

अत: शून्य एक परिमेय संख्या है। **उत्तर**

2. 3 और 4 के बीच में छ: परिमेय संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल–प्रश्नानुसार माना कि $a = 3$ तथा $b = 4$

अब 3 तथा 4 के मध्य की संख्या

$$= \frac{a+b}{2} = \frac{3+4}{2} = \frac{7}{2}$$

अब 3 तथा $\frac{7}{2}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$\frac{a+b}{2} = \frac{3+\frac{7}{2}}{2} = \frac{\frac{6+7}{2}}{2} = \frac{13}{4}$$

$\frac{7}{2}$ तथा 4 के बीच की परिमेय संख्या

$$= \frac{\frac{7}{2}+4}{2} = \frac{\frac{7+8}{2}}{2} = \frac{15}{4}$$

अब $\frac{13}{4}$ तथा $\frac{7}{2}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$= \frac{\frac{13}{4}+\frac{7}{2}}{2} = \frac{\frac{13+14}{4}}{2} = \frac{27}{8}$$



$\frac{7}{2}$ तथा $\frac{15}{4}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$\frac{a+b}{2} = \frac{\frac{7}{2}+\frac{15}{4}}{2} = \frac{\frac{14+15}{4}}{2} = \frac{29}{8}$$

अब $\frac{29}{8}$ तथा $\frac{15}{4}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$= \frac{\frac{29}{8}+\frac{15}{4}}{2} = \frac{\frac{29+30}{8}}{2} = \frac{59}{16}$$

इस प्रकार 3 व 4 के बीच की छ: परिमेय संख्याएँ क्रमश: $\frac{13}{4}, \frac{27}{8}, \frac{7}{2}, \frac{29}{8}, \frac{59}{16}$ व $\frac{15}{4}$ हैं। **उत्तर**

वैकल्पिक विधि–

हल–3 व 4 के बीच में छ: परिमेय संख्याएँ ज्ञात करने की यह भी विधि है। चूँकि हम छ: संख्याएँ ज्ञात करना चाहते हैं इसलिए $6 + 1 = 7$ को हर के रूप में लेकर 3 और 4 को परिमेय संख्याओं के रूप में लिखते हैं–

अर्थात् $3 = \frac{3\times7}{1\times7} = \frac{21}{7}$ तथा $4 = \frac{4\times7}{1\times7} = \frac{28}{7}$ तब 3 और 4 के बीच छ: परिमेय संख्याएँ क्रमश: $\frac{22}{7}, \frac{23}{7}, \frac{24}{7}, \frac{25}{7}, \frac{26}{7}$ व $\frac{27}{7}$ होंगी। **उत्तर**

3. $\frac{3}{5}$ और $\frac{4}{5}$ के बीच पाँच परिमेय संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल–प्रश्नानुसार माना कि $a = \frac{3}{5}$ तथा $b = \frac{4}{5}$

किन्हीं भी दो संख्याओं a व b के बीच की परिमेय संख्या = $\frac{a+b}{2}$

अर्थात् $\frac{\frac{3}{5}+\frac{4}{5}}{2}=\frac{\frac{3+4}{5}}{2}=\frac{7}{10}$

अब $\frac{3}{5}$ व $\frac{7}{10}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$=\frac{\frac{3}{5}+\frac{7}{10}}{2}=\frac{\frac{6+7}{10}}{2}=\frac{13}{20}$$



$\frac{7}{10}$ तथा $\frac{4}{5}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$=\frac{\frac{7}{10}+\frac{4}{5}}{2}=\frac{\frac{7+8}{10}}{2}=\frac{15}{20}$$

$\frac{13}{20}$ तथा $\frac{7}{10}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$=\frac{\frac{13}{20}+\frac{7}{10}}{2}=\frac{\frac{13+14}{20}}{2}=\frac{27}{40}$$

$\frac{15}{20}$ तथा $\frac{4}{5}$ के बीच की परिमेय संख्या

$$=\frac{\frac{15}{20}+\frac{4}{5}}{2}=\frac{\frac{15+16}{20}}{2}=\frac{\frac{31}{20}}{2}=\frac{31}{40}$$

इस प्रकार $\frac{3}{5}$ तथा $\frac{4}{5}$ के बीच की पाँच परिमेय संख्याएँ क्रमशः $\frac{13}{20}, \frac{27}{40}, \frac{7}{10}, \frac{31}{40}$ तथा $\frac{15}{20}$ हैं। **उत्तर**

वैकल्पिक विधि–

हल– $\frac{3}{5}$ और $\frac{4}{5}$ के बीच में पाँच परिमेय संख्याएँ ज्ञात करने की यह भी विधि है। चूँकि हम पाँच संख्याएँ ज्ञात करना चाहते हैं इसलिए दोनों संख्याओं $\frac{3}{5}$ व $\frac{4}{5}$ में 10 का गुणा करने पर प्राप्त संख्या–

$\frac{3}{5}\times\frac{10}{10}=\frac{30}{50}$ तथा $\frac{4}{5}\times\frac{10}{10}=\frac{40}{50}$ हैं।

अब $\frac{3}{5}$ व $\frac{4}{5}$ के बीच में पाँच परिमेय संख्याएँ क्रमशः $\frac{31}{50}, \frac{32}{50}, \frac{33}{50}, \frac{34}{50}$ तथा $\frac{35}{50}$ होंगी। **उत्तर**

4. नीचे दिए गए कथन सत्य हैं या असत्य? कारण के साथ अपने उत्तर दीजिए–

(i) प्रत्येक प्राकृत संख्या एक पूर्ण संख्या होती है।

(ii) प्रत्येक पूर्णांक एक पूर्ण संख्या होती है।

(iii) प्रत्येक परिमेय संख्या एक पूर्ण संख्या होती है।

उत्तर–(i) सत्य है। प्रत्येक प्राकृत संख्या एक पूर्ण संख्या होती है। यह कथन सत्य है क्योंकि पूर्ण संख्याओं के संग्रह में सभी प्राकृत संख्याएँ भी होती हैं, केवल शून्य ही अतिरिक्त होता है।



पूर्ण संख्याएँ

अतः यह भी कहा जा सकता है कि प्रत्येक पूर्ण संख्या प्राकृत संख्या नहीं होती लेकिन प्रत्येक प्राकृत संख्या एक पूर्ण संख्या होती है।

(ii) असत्य है। दिया गया कथन कि प्रत्येक पूर्णांक एक पूर्ण संख्या होती है सत्य नहीं है क्योंकि पूर्ण संख्याओं के संग्रह में 0, 1, 2, 3, ... आदि संख्याएँ ही होती हैं ऋणात्मक संख्याएँ जैसे – 3, – 2, – 1 आदि नहीं।



पूर्णांक संख्याएँ

(iii) असत्य है। दिया गया कथन कि प्रत्येक परिमेय संख्या एक पूर्ण संख्या होती है, सत्य नहीं है क्योंकि पूर्ण संख्याएँ परिमेय संख्याओं का ही भाग होती हैं। जैसे $\frac{5}{7}$ एक परिमेय संख्या है किन्तु पूर्ण संख्या नहीं है।



परिमेय संख्याएँ

सामाजिक विज्ञान–कक्षा IX

भारत और समकालीन विश्व-1 (इतिहास)

खण्ड I : घटनाएँ और प्रक्रियाएँ

1. फ्रांसीसी क्रान्ति

क्रियाकलाप

पृष्ठ 16

प्रश्न–(i) डेस्मॉलिन्स और रोबेस्प्येर के विचारों की तुलना करें। राज्य शक्ति के प्रयोग से दोनों का क्या तात्पर्य है?

(ii) 'निरंकुशता के विरुद्ध स्वतन्त्रता की लड़ाई' से रोबेस्प्येर का क्या मतलब है?

(iii) डेस्मॉलिन्स स्वतन्त्रता को कैसे देखता है?

उत्तर–(i) डेस्मॉलिन्स तथा रोबेस्प्येर के विचार परस्पर विरोधी हैं। डेस्मॉलिन्स लोकतन्त्र की प्राप्ति के लिए जहाँ संविधानसम्मत तथा शांतिपूर्ण उपाय अपनाने की वकालत करता है वहाँ रोबेस्प्येर लोकतन्त्र की प्राप्ति के लिए आतंक का सहारा लेने की वकालत करता है।

(ii) 'निरंकुशता के विरुद्ध स्वतन्त्रता की लड़ाई' से रोबेस्प्येर का मतलब उन घरेलू एवं बाहरी दुश्मनों का विनाश करना था, जिन्हें वह स्वयं गणतन्त्र का दुश्मन समझता था। जैसे–कुलीन एवं पादरी, अन्य राजनीतिक दलों के सदस्य, उसकी कार्य शैली से असहमति रखने वाले पार्टी सदस्य आदि।

(iii) डेस्मॉलिन्स स्वतन्त्रता को सुख-शांति, विवेक, समानता, न्याय, अधिकारों का घोषणापत्र आदि के रूप में देखता है।

पृष्ठ 20

प्रश्न–ओलम्प दे गूज द्वारा तैयार किये गये घोषणापत्र तथा 'पुरुष एवं नागरिक अधिकार घोषणा पत्र' की तुलना करें।

उत्तर–ओलम्प दे गूज द्वारा तैयार किये गये घोषणापत्र में महिलाओं एवं पुरुषों के मूलभूत अधिकार बताये गये हैं। इसमें महिलाओं को पुरुषों के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसके विपरीत 'पुरुष एवं नागरिक अधिकार घोषणापत्र' में केवल पुरुषों के नागरिक अधिकारों की बात की गई है। इसमें महिला अधिकारों की कोई चर्चा नहीं की गई है।

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

प्रश्न 1. फ्रांस में क्रान्ति की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई?

उत्तर–फ्रांस में क्रान्ति की शुरुआत निम्न परिस्थितियों में हुई–

(1) सामाजिक असमानता–फ्रांस में 1789 की क्रान्ति से पहले व्यापक सामाजिक असमानता थी। अठारहवीं शताब्दी में फ्रांसीसी समाज तीन वर्गों में विभाजित था, जिन्हें एस्टेट कहा जाता था–(i) प्रथम एस्टेट–पादरी वर्ग (ii) द्वितीय एस्टेट–सामंत अथवा कुलीन वर्ग (iii) तृतीय एस्टेट–सामान्य लोग

पहले दो वर्ग कुल जनसंख्या का एक बहुत छोटा-सा हिस्सा थे परन्तु इन्हीं लोगों ने राष्ट्र की राजनैतिक तथा आर्थिक व्यवस्था को नियंत्रित किया हुआ था। उन्हें अनेक विशेषाधिकार तथा सुविधाएँ प्राप्त थीं। तीसरे एस्टेट के लोगों को कोई भी राजनैतिक अधिकार प्राप्त नहीं थे।

(2) अन्यायपूर्ण कर–राजदरबार की शान-शौकत एवं कुलीन वर्ग के व्यक्तियों की विलासप्रियता के कारण जनता पर अनेक प्रकार के कर लगाये जाते थे। लेकिन प्रथम दो एस्टेट के लोगों को राज्य को दिए जाने वाले करों से छूट थी। तीसरे एस्टेट के लोगों को सभी कर देने पड़ते थे और उनकी वसूली निर्दयतापूर्वक की जाती थी। इससे आम जनता की आर्थिक दशा दयनीय थी।

(3) मध्य वर्ग का उदय–फ्रांस में क्रांति की शुरुआत से पहले तीसरे एस्टेट से एक नये सामाजिक समूह का उदय हुआ, जो मध्य वर्ग कहलाया। यह व्यापारियों, बैंकरों, निर्माताओं, विद्वानों आदि का वर्ग था। मध्य वर्ग के लोग ही क्रांति के नेता बने।

(4) दार्शनिकों तथा लेखकों के विचारों का प्रभाव–लॉक, मोंतेस्क्यू, रूसो, वॉल्तेयर तथा मिराब्यो जैसे अनेक दार्शनिक थे, जिन्होंने व्यवस्था में फैली बुराइयों का पर्दाफाश किया। उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व की भावनाओं से प्रेरित किया। इससे भी क्रांति को बल मिला।

(5) जीने का संघर्ष–फ्रांस की जनसंख्या 1715 में लगभग 2.3 करोड़ से बढ़कर 1789 में 2.8 करोड़ हो गई। इससे खाद्यान्नों की माँग में तेजी से वृद्धि हुई। अनाज का उत्पादन माँग के अनुकूल न बढ़ सका। इसलिए बहुसंख्यकों के प्रमुख भोजन–पावरोटी–की कीमत तेजी से बढ़ी परन्तु मजदूरी बढ़ती कीमतों के अनुरूप नहीं बढ़ी। इससे अमीरों–गरीबों के बीच की खाई बढ़ती जा रही थी तथा जीने का संघर्ष उत्पन्न हो रहा था।

(6) स्वेच्छाचारी और निरंकुश शासन–फ्रांस के शासक स्वेच्छाचारी और निरंकुश थे। वे राजा के दैवी और निरंकुश अधिकारों के सिद्धान्त में विश्वास करते थे तथा प्रजा के सुख–दु:ख की उन्हें कोई चिन्ता नहीं थी। वे विलासिता के कार्यों पर धन को मनमाने तरीके से व्यय करते थे।

(7) तात्कालिक कारण–एस्टेट्स जेनराल की बैठक–फ्रांसीसी सम्राट लुई सोलहवें ने 5 मई, 1789 को नये करों के प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए एस्टेट्स जेनराल की बैठक बुलाई। एस्टेट्स जेनराल एक राजनीतिक संस्था थी जिसमें तीनों एस्टेट्स अपने–अपने प्रतिनिधि भेजते थे। एस्टेट्स जेनराल के नियमों के अनुसार प्रत्येक वर्ग को एक मत देने का अधिकार था। लेकिन इसमें तीसरे एस्टेट के प्रतिनिधियों ने मांग रखी कि इस बार पूरी सभा द्वारा मतदान कराया जाये तथा जिसमें प्रत्येक सदस्य को एक मत देने का अधिकार हो। सम्राट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया तथा यहीं से फ्रांसीसी क्रांति का सूत्रपात हुआ।

इस प्रकार फ्रांस की जनता की दयनीय आर्थिक स्थिति, सामाजिक असमानता, निरंकुश तथा स्वेच्छाचारी शासन, दार्शनिकों तथा विद्वानों का प्रभाव तथा एस्टेट्स जेनराल की बैठक में तीसरे एस्टेट के प्रतिनिधियों की माँगों को अस्वीकार करना आदि परिस्थितियों में फ्रांस में क्रांति हुई।

प्रश्न 2. फ्रांसीसी समाज के किन तबकों को क्रांति का फायदा मिला? कौनसे समूह सत्ता छोड़ने के लिए मजबूर हो गये? क्रांति के नतीजों से समाज के किन समूहों को निराशा हुई होगी?

उत्तर–(1) फ्रांसीसी समाज के वे तबके जिन्हें क्रांति से लाभ हुआ–फ्रांसीसी समाज के तीसरे एस्टेट के लोगों को क्रांति से सबसे अधिक लाभ हुआ। इन वर्गों में किसान, श्रमिक, अदालती कर्मचारी, वकील, अध्यापक, डॉक्टर तथा व्यापारी आदि शामिल थे। पहले उन्हें सब प्रकार के कर देने पड़ते थे तथा उन्हें हर कदम पर सामन्तों तथा पादरियों द्वारा अपमानित किया जाता था परन्तु क्रांति के बाद समाज के ऊपरी वर्गों द्वारा उनके साथ ठीक व्यवहार किया जाने लगा। तीसरे एस्टेट के लोगों में भी अमीरों को सर्वाधिक लाभ हुआ। पहले उन्हें ही राजनैतिक अधिकार दिये गये। बाद में 21 वर्ष वाले सभी पुरुषों को मतदान का अधिकार दिया गया। लेकिन जैकोबिन सरकार के पतन के बाद सम्पत्तिहीन तबके को पुन: मताधिकार से वंचित कर दिया गया।

(2) वे समूह जो सत्ता छोड़ने को मजबूर हुए–क्रांति से पहले सत्ता प्रथम एस्टेट तथा द्वितीय एस्टेट के लोगों के हाथ में थी। इनमें पादरी तथा कुलीन वर्ग आता था। अत: पादरी समूह तथा कुलीन समूह के लोग सत्ता छोड़ने को मजबूर हुए। इनके विशेषाधिकार समाप्त हो गये, सामंती व्यवस्था का उन्मूलन हो गया तथा चर्च के स्वामित्व वाली भूमि जब्त कर ली गई।

(3) क्रांति के नतीजों से निराश समूह–क्रांति के नतीजों से सर्वप्रथम वे समूह निराश हुए जिन्हें पहले विशेषाधिकार प्राप्त थे किन्तु अब छीन लिये गये थे। इनमें पादरी तथा कुलीन लोग शामिल थे। महिलाएँ भी क्रांति के नतीजों से निराश हुईं क्योंकि इससे उन्हें कोई अधिकार प्राप्त नहीं हुए। दास भी इसके नतीजों से निराश हुए। यद्यपि थोड़े समय (10 वर्ष) के लिए दास प्रथा को खत्म कर दिया गया था। दस वर्ष बाद नेपोलियन ने दास–प्रथा पुन: शुरू कर दी। सम्पत्तिहीन तबका भी क्रांति के नतीजों से निराश हुआ। उन्हें कोई राजनीतिक अधिकार नहीं मिले।

प्रश्न 3. उन्नीसवीं और बीसवीं सदी की दुनिया के लिए फ्रांसीसी क्रांति कौनसी विरासत छोड़ गई?

उत्तर–उन्नीसवीं और बीसवीं सदी की दुनिया के लिए फ्रांसीसी क्रांति अनेक विरासतें छोड़ गई। इनमें मुख्य निम्न हैं–

(1) सामन्तवाद का अन्त–फ्रांसीसी क्रांति ने फ्रांस में सामन्तवाद का उन्मूलन कर दिया। इससे यूरोप तथा शेष दुनिया में भी सामन्तवाद के विरुद्ध वातावरण बना तथा सामन्तवाद का अन्त हुआ। सामाजिक मान्यतायें बदलीं तथा आर्थिक ढाँचे में आश्चर्यजनक परिवर्तन किये गये।

(2) स्वतन्त्रता, समानता और भाईचारे की भावनाओं का विकास–फ्रांसीसी क्रांति के बाद 19वीं सदी में यूरोप के हर भाग में 'स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व' का नारा गूँजा तथा एक के बाद एक अनेक क्रांतियों की शृंखला बनी।

(3) जन कल्याण की धारणा का विकास–इस क्रांति से मार्गदर्शन प्राप्त करके अन्य देशों के शासक वर्ग ने अपनी जनता का अधिक से अधिक कल्याण करने का प्रयत्न किया।